महाराष्ट्र के आयातित खाद्य तेल के कोटे में कमी

1289. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने महाराष्ट्र सरकार के आयातित खाद्य तेल के कोटे में कमी कर दी है और महाराष्ट्र सरकार इस समय संकट के दौर से गुजर रही है ;

(ख) क्या महाराष्ट्र सरकार ने आयातित खाद्य तेल के कोटे में वृद्धि करने का अनुरोध किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुख राम) : (क) से (ग) खुले बाजार में देशीय तेलों की बहुत अच्छी उपलब्धता के कारण वर्तमान तेल-वर्ष 1988–89 (नवम्बर-अक्तूबर) के दौरान महाराष्ट्र को आयातित खाद्य तेलों का आवंटन पिछले तेल वर्ष 1987–88 के मुकाबले कम कर दिया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत आयातित खाद्यों तेलों का आवंटन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की समस्त मांग को पूरा करने के लिए नहीं बल्कि, खुले बाजार में देशीय खाद्य तेलों की उपलब्धता की अनुपूर्ति करने/उनमें वृद्धि लाने के लिए किया जाता है। जून, 1989 के दौरान महाराष्ट्र राज्य को आयातित खाद्य तेलों का वर्तमान आवंटन 7,150 मी. टन है, जो अखिल भारतीय आवंटन का लगभग 31% है तथा इसे राज्य सरकार के अनुरोध को ध्यान में रखकर उच्च स्तर पर किया जा रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह महसूस किया जाता है कि महाराष्ट्र राज्य सरकार किसी संकट से नहीं गुजर रही है।

Setting up of new AIR stations in the country

1290. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up 47 new FM Stations by the end of 1990, as part of the widening AIR network in the country;

(b) whether Government propose to increase the capacity of existing Radio Stations in the country, especially of AIR Station, Pondicherry; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (PROF K. K. TEWARY): (a) All India Radio has fixed a target of setting up 45 new FM Radio Stations by March 1990 in the country.

(b) and (c) Yes, Sir, 35 Medium Wave transmitters and 16 Short Wave transmitters at existing centres are being upgraded. Details are given in the Statement attached. (*See* below)

There is no proposal to upgrade the Pondicherry Radio Station. However, there is a scheme to set up a new Local Radio Station at Karaikal with a 2x3 FM transmitter, Multipurpose studios and staff quarters as part of the 7th Plan scheme.